(ग) यदि हां, तो उक्त गाड़ी को कब चालू करने का विचार है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) :** (क) और (ख). जी नहीं। पटना की ओर से आने-जाने के लिए मुख्य लाइन की गाड़ियों के साथ मेल लेने वाली बख्तीयारपुर-राजगीर खंड पर दो जोड़ी सवारी गाड़ियों के अतिरिक्त पटना और राजगीर के बीच एक जोड़ी सीधी गाड़ियां अर्थात 412 डाउन/411 अप दानापुर/पटना-राजगीर सवारी/मिली-जुली भी उपलब्ध हैं।

(ग) पटना और राजगीर के बीच एक अतिरिक्त तेज गाड़ी चलाने का यातायात सम्बन्धी औचित्य नहीं है।

**दानापुर में लकड़ी का ऊपरी पुल**

3122. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दानापुर (खान) स्टेशन पर, जो पूर्व रेलवे के दानापुर डिवीजन का मुख्यालय है, यात्रियों के लिए स्टेशन के पार जाने के लिए लकड़ी का एक ऊपरी पुल है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि दक्षिण से उत्तर तथा उत्तर से दक्षिण की ओर पुल पार करने में यात्रियों को बड़ी कठिनाई होती है, क्योंकि यह पुल बहुत तंग है ;

(ग) यदि हां, तो क्या उक्त पुल को चौड़ा करने का सरकार का विचार है ;

(घ) यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ङ) क्या उक्त स्थान के निवासियों तथा मजदूरों ने वर्तमान पुल के पश्चिम की ओर एक और ऊपरी पुल का निर्माण करने की मांग की है ; और

(च) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**रेलवे मन्त्री (श्री चे० मु० पुनाचा) :** (क) जी हां। इस्पात के ढांचे और लकड़ी के डेक वाला एक ऊपरी पैदल पुल मौजूद है।

(ख) ऊपरी पुल की चौड़ाई कम होने के सम्बन्ध में यात्रियों से कोई शिकायत नहीं मिली है।

(ग) जी नहीं।

(घ) वर्तमान ऊपरी पैदल पुल को चौड़ा करने का विचार नहीं है क्योंकि दानापुर स्टेशन के पश्चिम सिरे पर लोको बस्ती के सामने एक नया पुल बनाने का कार्यक्रम बनाया गया है।

(ङ) जी हां।

(च) जैसा कि ऊपर भाग (घ) में उत्तर में बताया गया है, दानापुर स्टेशन के पश्चिमी सिरे पर लोको बस्ती के सामने एक और ऊपरी पैदल पुल बनाने की योजना को अन्तिम रूप दिया जा चुका है।

**Deputation from Foreign Traffic Office, Western Railway**

3123. SHRI K. M. ABRAHAM :
SHRIMATI SUSEELA GOPALAN :
SHRI UMANATH :

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a deputation from the Foreign Traffic Office, Western Railway led by Shri K. Ananda Nambiar, M. P. met the Union Minister of State for Railways on the 31st August, 1968 for the allotment of Railway quarters to the staff of that office who have been denied the same since the formation of that office ;

(b) whether any assurance was given to the deputationists ; and

(c) if so, the steps taken by Government to allot Railway quarters to the aggrieved employees ?

**THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. M. POONACHA) :** (a) Yes.

(b) No.

(c) Does not arise.